# प्रथमः पाठः
## 'संस्कृत-वर्णमाला'

संस्कृत भाषा में वर्ण तीन प्रकार के होते हैं—स्वर, व्यञ्जन और अयोगवाह। १३ स्वर, ३३ व्यञ्जन और २ अयोगवाह होते हैं।

(१) स्वराः (२) व्यञ्जनानि (३) अयोगवाहः

संस्कृते त्रयोदश (१३) स्वराः भवन्ति।

अ, आ, इ, ई, उ, ऊ, ऋ, ॠ, लृ, ए, ऐ, ओ, औ।

**स्वर भेदाः—**

स्वरों को मुख्यतः तीन भागों में बाँट सकते हैं—

(१) ह्रस्व-स्वराः (२) दीर्घ-स्वराः (३) प्लुत-स्वराः

**(१) ह्रस्वस्वराः—**

जिन स्वरों के उच्चारण में एक मात्रा का समय लगता है वे ह्रस्व स्वर, दो मात्रा के समय लगने पर दीर्घ स्वर और तीन मात्रा का समय लगने पर प्लुत स्वर होता है। यथा—अ, इ, उ, ऋ, लृ, **(एते पञ्च स्वराः ह्रस्वाः भवन्ति। एते एव मूलस्वराः भवन्ति)** ये पाँच स्वर ह्रस्व स्वर होते हैं। ये ही मूल स्वर होते हैं।

**एकमात्रो भवेद् ह्रस्वः द्विमात्रो दीर्घ उच्यते।**
**त्रिमात्रस्तु प्लुतो ज्ञेयः व्यञ्जनं चार्धमात्रकम्॥**

**(२) दीर्घस्वराः—**

यथा—आ, ई, ऊ, ॠ, ए, ऐ, ओ, औ **(एते अष्ट स्वराः दीर्घाः भवन्ति)** ये आठ स्वर दीर्घ होते हैं। 'लृ' वर्ण का दीर्घरूप नहीं होता है, इसी प्रकार ए, ऐ, ओ, औ, इन स्वरों का ह्रस्व रूप नहीं होता है। ए, ऐ, ओ, औ ये संयुक्त स्वर कहलाते हैं, क्योंकि इनके निर्माण में दो भिन्न स्वरों का संयोग होता है।

यथा—अ/आ+इ/ई=ए। अ/आ+ए/ऐ=ऐ।

अ/आ+उ/ऊ=ओ। अ/आ+ओ/औ=औ।

**(३) प्लुतस्वराः—**

यथा—आ३, ई३, ऊ३, ए३, ऐ३, ओ३, औ३।

(प्लुतस्वराणां प्रयोगः दूरात् सम्बोधने अथवा आह्वाने क्रियते) प्लुत स्वरों का प्रयोग दूर से सम्बोधित करने अथवा पुकारने में किया जाता है। (मन्त्राणाम् उच्चारणात् पूर्वमपि ओंकारस्य उच्चारणे प्लुतप्रयोगः भवति)। मन्त्रों के उच्चारण से पहले ओङ्कार के उच्चारण में भी प्लुत का प्रयोग होता है।

उदाहरणम्—भो३ ! इहागच्छ।

ओ३म् संगच्छध्वम्...।

## व्यञ्जनानि

व्यञ्जन मुख्यतः तीन प्रकार के होते हैं—

(१) स्पर्श व्यञ्जनानि (२) अन्तःस्थ व्यञ्जनानि (३) ऊष्म व्यञ्जनानि।

(१) **(स्पर्श व्यञ्जनानि (२५) पञ्चविंशतिः भवन्ति)** स्पर्श व्यञ्जन २५ होते हैं।

कवर्गः–क् ख् ग् घ् ङ्
चवर्गः–च् छ् ज् झ् ञ्
टवर्गः–ट् ठ् ड् ढ् ण्
तवर्गः–त् थ् द् ध् न्
पवर्गः–प् फ् ब् भ् म्

(२) **(अन्तःस्थ व्यञ्जनानि—(४) चत्वारि भवन्ति)** अन्तःस्थ व्यञ्जन चार होते हैं।

य् र् ल् व्

(३) **(ऊष्म व्यञ्जनानि अपि—(४) चत्वारि भवन्ति)** ऊष्म व्यञ्जन भी चार होते हैं।

श् ष् स ह्

## प्रयोगविविधता

व्यञ्जनों का मूल स्वरूप स्वर रहित होता है, परन्तु प्रयोग तीन प्रकार से होता है।

(क) हलन्तव्यञ्जनानि (ख) स्वरयुक्तव्यञ्जनानि

(ग) संयुक्तव्यञ्जनानि।

**( क ) हलन्तव्यञ्जनानि—**

**( स्वररहितानि व्यञ्जनानि हलन्त-व्यञ्जनानि कथ्यन्ते। हलन्त-व्यञ्जनानां परिज्ञानं ( ्) इति चिह्नेन भवति। उदाहरणम् यथा—क् च् ट् त् प् आदि )** स्वर रहित व्यञ्जन हलन्त व्यञ्जन कहलाते हैं। हलन्त व्यञ्जन की पहचान ( ्) इस चिह्न से होती है।

**( ख ) स्वरयुक्तव्यञ्जनानि—**

**( यदा स्वरेण सह व्यञ्जनानां प्रयोगः भवति, तदा तानि स्वरयुक्त-व्यञ्जनानि कथ्यन्ते। सामान्यतया स्वरयुक्तव्यञ्जनानां प्रयोगः एव व्यवहारे बाहुल्येन भवति )** जब स्वर के साथ व्यञ्जनों का प्रयोग होता है, तब वे स्वरयुक्त व्यञ्जन कहाते हैं। सामान्यतया स्वरयुक्त व्यञ्जनों का प्रयोग ही व्यवहार में बहुधा होता है।

उदाहरणं यथा—

| | | |
|---|---|---|
| क्+अ=क | । | च्+अ=च |
| क्+आ=का | । | च्+आ=चा |
| क्+इ=कि | । | च्+इ=चि |
| क्+ई=की | । | च्+ई=ची |
| क्+उ=कु | । | च्+उ=चु |
| क्+ऊ=कू | । | च्+ऊ=चू |
| क्+ऋ=कृ | । | च+ऋ=चृ |
| क्+ए=के | । | च्+ए=चे |
| क्+ओ=को | । | च्+ओ=चो |

इसी प्रकार से सभी स्वरयुक्त व्यञ्जनों का प्रयोग विभिन्न मात्राओं के साथ होता है।

**( ग ) संयुक्त व्यञ्जनानि—**

दो व्यञ्जनों के संयोग से संयुक्त व्यञ्जन बनते हैं।

| | | | |
|---|---|---|---|
| यथा— | क्+ष=क्ष | प्+र=प्र | स्+थ=स्थ |
| | त्+र=त्र | क्+र=क्र | द्+य=द्य |
| | ज्+ञ=ज्ञ | क्+त=क्त | ह्+र=ह्र |
| | श्+र=श्र | व्+य=व्य | द्+व=द्व |

इन संयुक्त व्यञ्जनों में क्ष, त्र, ज्ञ व्यञ्जनों का हिन्दी भाषा में स्वतन्त्र व्यञ्जन के रूप में प्रयोग माना गया है।

**( ३ ) अयोगवाहः—**

**अयोगवाहः द्विविधो भवति।** अयोगवाह दो प्रकार के होते हैं।

(क) अनुस्वारः ( ं ) (ख) विसर्गः ( : )

**अनुस्वारप्रयोगः**—अन्तःस्थ वर्णों से (य, र, ल, व) तथा ऊष्म वर्णों से (श, ष, स, ह) पूर्व यदि 'म्' यह वर्ण होता है तब 'म्' वर्ण के स्थान पर ( ं ) होता है।

यथा—संयमः, संस्कारः, कंसः, हंसः, वंशः, सिंहः, संहिता, संलापः, प्रशंसा, संरचना आदि।

**विसर्गप्रयोगः**—पद के साथ ( : ) इस चिह्न का प्रयोग विसर्ग कहलाता है।

यथा—रामः, कृष्णः, सः, रविः, गुरुः आदि।

### अभ्यासकार्यम्

१. अधः केचन वर्णाः प्रदत्ताः। तेषु केचन स्वराः, कानिचित् व्यञ्जनानि। एषु स्वरान् व्यञ्जनानि च पृथक् कृत्वा लिखत—

ख्, इ, छ्, त्, उ, स्, र्, क्, ऋ, ग्, ए, न्, ओ।

| **स्वराः** | **व्यञ्जनानि** |
|---|---|
| उदाहरणम्=इ | उदाहरणम्=छ् |
| ........................ | ........................................... |
| ........................ | ........................................... |
| ........................ | ........................................... |
| ........................ | ........................................... |
| ........................ | ........................................... |

२. अधोलिखितेषु ह्रस्वान्, दीर्घान् एवं प्लुत स्वरान् पृथक् कृत्वा लिखत। आ, इ, ए, ओ३, उ, ई, ऐ, ऋ, लृ, अ, औ, ई३

| **ह्रस्वस्वराः** | **दीर्घस्वराः** | **प्लुतस्वराः** |
|---|---|---|
| ...................... | ................ | ...................... |
| ...................... | ................ | ...................... |
| ...................... | ................ | ...................... |
| ...................... | ................ | ...................... |
| ...................... | ................ | ...................... |

३. एकमात्रिक: स्वर: किं कथ्यते?...........

४. द्विमात्रिक: स्वर: क: कथ्यते?................

५. प्लुतस्वरं प्रयुज्य एकं वाक्यं लिखत.............

६. अधोलिखितान् स्वरान् संयोज्य संयुक्त-दीर्घ-स्वराणां रूपाणि लिखत—

अ+उ=............ । अ+इ=..............

आ+ई=............ । आ+उ=.............

अ+ए=............ । आ+ऐ=.............

अ+ओ=........... । आ+औ=............

७. अधोलिखितव्यञ्जनेषु अन्त:स्थानि, ऊष्माणि एवं स्पर्श-व्यञ्जनानि पृथक् कृत्वा लिखत।

स, छ, ब, ह, र, त, फ, ध, य, ख, ग, ल, ष, श, व, भ।

| स्पर्शव्यञ्जनानि | अन्त:स्थव्यञ्जनानि | ऊष्मव्यञ्जनानि |
|---|---|---|
| .................... | .......................... | ...................... |
| .................... | .......................... | ...................... |
| .................... | .......................... | ...................... |
| .................... | .......................... | ...................... |
| .................... | .......................... | ...................... |

८. अधोलिखित-संयुक्त-व्यञ्जनानां मूलव्यञ्जनानि पृथक् कृत्वा लिखत।

क्ष=..........+.......... श्र=..........+..........

स=..........+.......... क्त=..........+..........

त्र=..........+.......... व्य=..........+..........

द्य=..........+.......... ष्व=..........+..........

प्र=..........+.......... स्थ=..........+..........

संस्कृत लिपि के विशिष्ट अध्ययन हेतु निम्नसूत्रों का ज्ञान लाभप्रद होगा।

## प्रत्याहारसूत्राणि

१. अइउण् २. ऋऌक् ३. एओङ् ४. ऐऔच् ५. हयवरट् ६. लण् ७. ञमङणनम्, ८. झभञ् ९. घढधष् १०. जबगडदश् ११. खफछठ-थचटतव् १२. कपय् १३. शषसर् १४. हल्। इति माहेश्वरसूत्राणि।

—::०::—